4 मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर बढ़ रहा अतिक्रमण, सड़क हुई सकरी



### शिक्षक ने माशिमं से जताई आपत्ति, सीएम, शिक्षामंत्री को शिकायत

# स्कूलों से लीक हो रहा विद्यार्थियों का डाटा, शिक्षक ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने परीक्षार्थियों को पास करने संबंधी फोन कॉल से सचेत किया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि परीक्षा की गोपनीयता और परीक्षार्थियों की पहचान से जुड़े डाटा चोरी कैसे हो रहे हैं। परीक्षार्थियों के मोबाइल नंबर स्कूल से माध्यमिक शिक्षा मंडल के बीच दलालों तक कैसे पहुंच गए।

शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने स्कूलों के माध्यम से परीक्षार्थियों के मोबाइल नंबर दलालों तक पहुंचने की घटना को असामान्य बताते हुए इसकी जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन से लेकर रिजल्ट की घोषणा होते तक संपूर्ण प्रक्रिया बेहद गोपनीय रखी जाती है। वहीं मूल्यांकन




कर्ताओं के नाम मोबाइल नंबर और संपूर्ण जानकारी भी माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा गोपनीय रखते हुए किसी भी तरह से इस कार्य को बेहद संवेदनशील माना जाता है। वैल्यूएशन सेंटर में सीसीटीवी के माध्यम से एक-एक वेलवर पर निगाह रखी जाती है। ऐसी स्थिति में स्कूल और माशिमं के बीच परीक्षा को लेकर होने वाली ऑनलाइन और ऑफलाइन कागजी प्रकिया का लीक होना चिंता का विषय है।

### केन्द्रीय विद्यालय में मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

रायगढ़ जिला के मतदान अधिकारियों को केंद्रीय विद्यालय में इन दिनों प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण के इस मतदान प्रशिक्षण में रायगढ़ जिला से हजारों की संख्या में मतदान अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स मतदान के एक एक प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उन्हें बैलेट मशीन के तीन हिस्से कन्ट्रोल यूनिट सीयू बैलेट यूनिट बीयू तथा वीवीपैट वोटर वेरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल को आपस में कनेक्ट कर जोड़ने से लेकर मतदान केंद्र में आने वाली समस्याओं तथा उनके समाधान, सामग्रियों के संधारण करने से लेकर कन्ट्रोल रूम मे सुरक्षित और सुव्यवस्थित सामग्री जमा करने संबंधित जानकारी को विस्तृत रूप से गंभीरता के साथ समझाया जा रहा है।



### ओगना मार्ग पर जंगल में लगी आग

**रायगढ़।** इन दिनों वनों को आग से बचाव करने के लिए वनविभाग द्वारा कई जगह जगह सड़क किनारे फायर कैंप लगाया गया है। और वहीं गांवों कस्बों में भी वनों के बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया है। फिर भी इन दिनों जंगलों में महुआ बिनने के दौरान ग्रामीण आग लगा दे रहे हैं, और इसी कारण अधिकतर छोटे छोटे पौधे झाड़ियां जंगली नष्ट हो जा रहे हैं। और बार बार जंगल में आग लगने के कारण जीव जन्तु, पशु पक्षियों को नुकसान पहुंचा रहा है। ऐसा ही दृश्य वन मंडल धरमजयगढ़ के ओंगना मार्ग में देखने को मिला, जहां पर आज दोपहर सड़क किनारे चिलचिलाती धूप में आग धू धू करके जल रहा था। और वहीं आग बुझाने के लिए जान जोखिम में डालकर वन परिक्षेत्र सहायक धरमजयगढ़ पूर्व संजय तिवारी आग को बुझाने की कोशिश करते नजर आए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

# पूर्व सीएम पर वोटरों को रिझाने का आरोप, थाने में शिकायत

**रायगढ़।** गत 3 अप्रैल को महासमुंद मंच से सूबे के मुखिया विष्णु देव साय द्वारा जारी बयान से छेड़छाड़ कर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी भूपेश बघेल के लिए वोट की अपील का वीडियो वायरल किए जाने के मामले में कठोर एवं विधि सम्मत कार्यवाही की मांग करते हुए जिला भाजपा के नेताओं ने कोतवाली पुलिस को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाई की मांग की है। सिटी कोतवाली में आज ज्ञापन सौंपते समय ज्ञानु गौतम, डिग्री लाल अध्यक्ष, मनोज शर्मा, सुमित शर्मा महामंत्री, शक्ति अग्रवाल, जिम्मी अग्रवाल, ऐश अग्रवाल, गगन कातोरे सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा नेताओ ने ज्ञापन के साथ वीडियो लिंक की छाया प्रतिलिपि, मूल वीडियो, एडिटेड वीडियो संलग्न किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री के बयान से छेड़छाड़ कर नकारात्मक वीडियो बनाकर वायरल करने के सन्दर्भ में अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। वीडियो को आपत्तिजनक बताते हुए चुनाव आचार संहिता का उलंघन बताया गया हैं। कांग्रेस का यह कुत्सित प्रयास मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की छवि धूमिल करने के लिए किया गया है। रिपोर्ट करता उक्त कृत्य से बेहद आहत है और उसे मानसिक संताप हुआ है। अतः सोशल मीडिया में जारी उक्त वीडियो निर्माता के विरूद्ध अपराध दर्ज कर दंडात्मक कार्यवाही करने सहित उक्त सोशल मीडिया साईट चैनल को प्रतिबंधित करने की मांग की गई है। भाजपा नेताओं ने कहा कभी मोदी के सर में लाठी मारने संबंधी बयान दे रहे तो कभी वीडियो को एडिट करने वायरल किए जाने का कुत्सित प्रयास कांग्रेस द्वारा जारी है।

■ भाजपाइयों ने कोतवाली में की शिकायत

* **रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़उमरिया एक साइकिल सवार ग्रामीण को अज्ञात वाहन ठोकर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीण की मौत के बाद ग्रामवासी उग्र हो गए है और चक्काजाम कर प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलने पर जूटमिल थाना प्रभारी व उनकी टीम सहित अन्य अधिकारी दुर्घटना स्थल पर पहुंचे।

NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute
Admission Open
FOUNDATION
9th | 10th | 11th | 12th for Board, NEET / JEE
Classes Starts on 08, 12, 15 & 19 April 2024
SUMMER COURSE
11th & 12th
Board with NEET / JEE
Classes Starts on 15th April
DROPPER BATCH
NEET / JEE 2025
Registration Open
FEATURES
- यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
- यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
- यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
- यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
- यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सहीं समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।

| BHILAI | BHILAI | BHILAI | RAIPUR |
|---|---|---|---|
| 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100 | GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999 | 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100 | BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711 |

website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

# ग्रामीणों का भालू से सामना, तीन घायल, एक गंभीर, बिलासपुर रेफर

**रायगढ़।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में शुक्रवार को दो अलग-अलग मामलों में जंगल गए ग्रामीणों पर भालू के हमले से तीन ग्रामीणों को घायल होने का मामला सामने आया है। इस घटना में दो ग्रामीणों का सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में उपचार जारी है वहीं एक अन्य गंभीर रुप से घायल ग्रामीण को बिलासपुर रिफर किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र बिलाईगढ़ के अंतर्गत खुरसुला के जंगल में शुक्रवार की सुबह लकड़ी बिनने गए दो ग्रामीण मंतन लाल पिता बृजलाल साहू उम्र 51 साल, धरमलाल पिता एकादशीया उम्र 50 साल दोनों निवासी रामपुर पर जंगल में अचानक मादा भालू ने हमला कर दिया। जिससे दोनों के हाथ के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है। दोनों ग्रामीणों को बिलाईगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है।इसी तरह की दूसरी घटना में भटगांव सर्किल के अंतर्गत सिंघीचुवा के कमऊ डोंगरी में लकड़ी बिनने गए ग्रामीण सिदार सिंह पिता बेदराम गोड उम्र 50 वर्ष निवासी कोदोपाली को जंगल में विचरण कर रहे दो बच्चों के साथ मादा भालू ने अचानक हमला करते हुए बुरी तरह घायल कर दिया है। इस घटना में ग्रामीण के सिर व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोटें आई है। घायल को बेहतर इलाज के लिये बिलासपुर रिफर किया गया है।

■ वन विभाग ने दी दो - दो हजार की तत्कालीन मदद

### घायलों का उपचार जारी

वन परि क्षेत्राधिकारी बिलाईगढ़ मोहम्मद आसिफ ने बताया कि दोनों ही घटना में दो बच्चों के साथ मादा भालू ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया और फिर जंगल की तरफ भाग गए । घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ में प्राथमिक उपचार कराया गया है। दो घायलों का इलाज यही जारी है एवं सिदार सिंह निवासी कोदोपाली की स्थिति गंभीर होने के वजह से बिलासपुर रेफर किया गया है। तीनों घायलों को वन विभाग की तरफ से दो-दो हजार की त्वरित सहायता राशि दी गई है। बाद में बिल वाउचर के साथ नियमानुसार सहायता राशि और भी दी जाएगी।



# 5 आरोपियों से 285 किलो स्क्रैप सहित 5 बाइक जब्त

**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी डूमरपाली स्थित वीजा पावर प्लांट के टावर पास पड़े टीना लोहा को कुछ व्यक्ति दुपहिया एक्सल वाहन पर चोरी कर भाग रहे थे। प्लांट के सिक्योरिटी गार्डों ने पांच व्यक्तियों को पकड़ा और थाना प्रभारी भूपदेवपुर को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राम किंकर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और स्कैप चोरी कर भाग रहे पांच आरोपी रंजीत कुमार दासए अरूफ कुमार दास, अब्दुल अंसारी, कबूल हुसैन व करीम शेख उर्फ साहेब को हिरासत में लिए जिन्हें उनके 5 सुपर एक्सल मोपेड और उनमें लोड़ टीना लोहा के स्कैप के साथ थाना भूपदवेपुर लाया गया। रंजीत कुमार दास पिता किशोरी मोहन दास उम्र 42 साल निवासी छातामुड़ा बाईपास डब्लूसाव का किराया मकान स्थाई पता सकिदपुरी थाना सूतिवान जिला मुर्शिदाबाद के सुपर एक्सेल सीजी 13 एएस 1884 में लोड करीब 60 किलो लोहा टीना स्कैप अरूफ कुमार दास पिता पिता किशोरी मोहन दास उम्र 42 साल निवासी छातामुड़ा बाईपास डब्लूसाव काकिराया मकान स्थाई पता सकिदपुरी थाना सूतिवान जिला मुर्शिदाबाद के सुपर एक्सेल सीजी 13 एएस 0802 में लोड करीब 50 किलो लोहा टीना स्कैप, अब्दुल अंसारी पिता तस्तर अली उम्र 35 साल निवासी सहदेवपाली टुरकुमुड़ा स्कूल के पास थाना जूटमिल स्थाई पता खानपुर थाना सूती 2 जिला मुर्शिदाबाद के सुपर एक्सेल सीजी 13 एक्यू 1379 में करीब 55 किलो लोहा टीना स्कैप, काबूल हुसैन पिता मानकू शेख उम्र 34 साल निवासी सहदेवपाली टुरकुमुड़ा थाना जूटमिल स्थाई पता रघुनाथपुर थाना सूती.01 जिला मुर्शिदाबाद के सुपर एक्सेल सीजी 13 एडब्लू 1978 में करीब 65 किलो' लोहा टीना स्कैप आदि जब्त किया है।

■ प्लांट से चोरी कर बेचने की थी कोशिश





# नई फिल्म की पहली झलक से उठा पर्दा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव अपनी एक्टिंग से लगातार लोगों का मनोरंजन करते आए हैं। एक्टर लंबे वक्त से बड़े पर्दे से दूर थे, लेकिन अब उन्होंने दमदार वापसी की तैयारी कर ली है। राजकुमार राव भी अब बायोपिक के साथ आ रहे हैं, जिसमें वो एक इंस्पायरिंग रियल लाइफ कहानी दिखाएंगे। एक्टर की अपकमिंग फिल्म का नाम 'श्रीकांत' है। राजकुमार राव ने फिल्म 'श्रीकांत' से अपने करिदार की झलक दिखाते हुए फिल्म के ऐलान के साथ ही रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। उन्हेंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'एक यात्रा जो आपको अपनी आंखें खोलने के लिए प्रेरित करेगी!

लाइफ Style

# रश्मिका मंदाना

## 'पुष्पा 2' की श्रीवल्ली का पहला लुक

'पुष्पा 2: द रूल' 2024 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना एक बार फिर इस फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। 'पुष्पा 2' की रिलीज का लोगों को लंबे समय से बेसबी से इंतजार है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

'पुष्पा 2' के मेकर्स 8 अप्रैल को अल्लू अर्जुन के जन्मदिन पर फिल्म का पहला टीजर रिलीज करने का ऐलान कर चुके हैं, लेकिन इसके पहले नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना के बर्थडे पर श्रीवल्ली के फैंस को सरप्राइज मिल गया। सोशल मीडिया पर रश्मिका मंदाना का 'पुष्पा 2' से पहला लुक शेयर कर दिया है। श्रीवल्ली का ये धाकड़ लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।

'पुष्पा 2' के इस पोस्टर में रश्मिका, श्रीवल्ली के किरदार में बहुत ही दमदार लुक में लुक दिखा रही हैं। रश्मिका मंदाना ने हरी साड़ी, मांग में सिंदूर, हाथों में हरी-लाला चूड़ी पहने दिखाई दे रही हैं। वहीं कमरबंद, नाक की नथ और गले में मंगलसूत्र के साथ हार पहने हुए एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना बहुत खूबसूरत लग रही हैं। इस लुक को एक्ट्रेस ने लाल बिंदी, आंखों में काजल, न्यूड लिपस्टिक और बालों का जुड़ा बनाना से पूरा किया है। 'पुष्पा 2' के इस पोस्टर के साथ फिल्म के टीजर रिलीज की एक बार फिर घोषणा की गई है, जो 8 अप्रैल को रिलीज होगा। इससे पहले मेकर्स ने 'पुष्पा 2' की ओटीटी रिलीज की भी घोषणा की थी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस बात की जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। वहीं सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का लुक लोगों को बहुत पसंद आ रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# फिल्म 'ड्यून 3' का ऐलान

लॉस एंजिलिस। टिमोथी चालमेट और जेंडाया अभिनीत फिल्म 'ड्यूनः पार्ट टू' बॉक्स ऑफिस पर कमाल रही है। निर्देशक डेनिस विलेन्यूवे की इस फिल्म को दर्शकों का प्यार मिल रहा है। पूरी दुनिया में टिमोथी चालमेट की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। वहीं अब 'ड्यूनः पार्ट टू' की सफलता के बाद निर्देशक ने इस फिल्म के अगले भाग के निर्माण की घोषणा की है। टिमोथी चालमेट की आगामी फिल्म 'ड्यून 3' का निर्माण हो रहा है। निर्देशक विलेन्यूवे ने खुद इसकी आधिकारिक घोषणा की है।




# जैकी चैन की फिल्म 'कराटे किड' का निर्माण शुरू

**लॉस एंजिलिस।** सोनी पिक्चर्स ने अपनी नई फिल्म कराटे किड की घोषणा करते हुए इसका निर्माण भी शुरू कर दिया है। यह फिल्म इस फ्रेंचाइजी की छठवीं फिल्म है। राल्फ मचियो इस फिल्म में डैनी लारूसो की अपनी भूमिका फिर से निभाते नजर आएंगे। 2010 की फिल्म कराटे किड रीमेक में जैकी चैन मिस्टर हान की भूमिका में दिखाई दिए थे। वह अपनी भूमिका में फिर से नजर आएंगे। दर्शकों को इस फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म का प्रोडक्शन शुरू होने के साथ ही तस्वीरों में फिल्म कराटे किड के लोगो की झलक भी देखने को मिली। अभिनेता बेन वांग इसमें अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। बेन वांग के फिल्म में होने की घोषणा के बाद ही मेकर्स ने गुरुवार को बड़ा अपडेट साझा किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी पहले ही खुलासा हो चुका है।



# ट्विंकल ने अक्षय पर सरेआम मारा ताना

**मुंबई।** बॉलीवुड के पावर कपल ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दोनों ही साथ में परफेक्ट लगते हैं। सालों से दोनों एक-दूसरे के साथ मौजमस्ती करते नजर आया करते हैं। सोशल मीडिया पर दोनों ही काफी एक्टिव हैं। जहां अक्षय कुमार अपने वीडियोज से लोगों को हंसाने में नहीं चूकते वहीं ट्विंकल खन्ना भी कभी फनी तो कभी सामाजिक मुद्दों पर बात करती नजर आती हैं। ट्विंकल खन्ना ने एक वीडियो साझा किया है। सामने आए इस वीडियो में वो और अक्षय कुमार दोनों ही नजर आ रहे हैं। दोनों किसी शादी फंक्शन के लिए तैयार हो रहे हैं और दोनों ने बेज कलर के कपड़ों में ट्विनिंग भी की है। जहां ट्विंकल खुद को निखारने और संवारने में लगी हैं, वहीं अक्षय कुमार उनके पीछे उछल-कूद करते दिख रहे हैं।



# टूटे दिल की दास्तान है 'अंख दा तारा'

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। अभिनेता कई चर्चित गाने गा चुके हैं। एक बार फिर वह अपनी सुरीली आवाज के साथ हाजिर हुए हैं। आयुष्मान का नया गाना 'अंख दा तारा' आज जारी हो गया है। संगीत प्रेमियों से इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। आयुष्मान कई फिल्मों में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेर चुके हैं। अब वे अपना एक नया पंजाबी गाना लेकर आए हैं। 'अंख दा तारा' गाने को आज यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने में टूटे दिल की दास्तान को एक अनोखे अंदाज में दिखाया गया है। अभिनेता ने लिखा, ''मेरी 'अंख दा तारा' आप हो'। फैंस को आयुष्मान का यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'मुझे लगातार सुनने के लिए एक नया गाना मिल गया है'।

टीवी मसाला



# संस्कारी बहू 'रूही' ने पार की सारी हदें, बोल्ड अवतार देख दंग हुए लोग

**मुंबई।** प्रतीक्षा होनमुखे इस वक्त काफी सुर्खियों में बनी हुई हैं। प्रतीक्षा का सफर हाल ही में टीवी के हिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से खत्म हुआ है। इस शो में प्रतीक्षा ने रूही का रोल प्ले किया था, लेकिन हाल ही में उन्हें इस शो से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। प्रतीक्षा होनमुखे अपने काम के साथ ही सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। वहीं, ये रिश्ता क्या कहलाता है' से बाहर होने के बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें एक्ट्रेस का बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। इस वीडियो में प्रतीक्षा मिरर के सामने खुद ही अपना वीडियो शूट करती दिख रही हैं। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्कारी बहू की इमेज से बाहर आते हुए बोल्ड अवतार दिखाया है। वीडियो में प्रतीक्षा के ब्रालेस लुक ने आग लगा दी है। इस दौरान एक्ट्रेस ने शॉर्ट ड्रेस पहनी है, जिसका नेक फ्रंट से काफी डीप और ओपन है। वहीं, उनके ओपन और फ्रिजी हेयर उनके लुक को और भी सेक्सी बना रहा है। वीडियो में प्रतीक्षा का एटीट्यूड देखने लायक है। इस वीडियो के साथ प्रतीक्षा ने कैप्शन में लिखा, 'गर्मियों से भी ज्यादा गर्मी?'

# अनुपमा का टूटा हाथ, अब क्या हो जाएगी कॉम्पटीशन से बाहर

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, कुकिंग कॉम्पटीशॉन के लिए सेलेक्ट हो जाती है। वहीं अनुज से शादी करने के लिए अब श्रुति बेताब है और वह कुछ भी करने को तैयार है। अब अनुपमा डांस प्रैक्टिस करते हुए गिर जाती है और उसके हाथ में फ्रेकचर हो जाता है। अनुपमा फिर भी कॉम्पटीशन के लिए जाती है। लेकिन वहां तीनों में से एक जज अनुपमा को मना कर देता है। वह कहता है कि तुम नहीं करोगी पार्टिसिपेट और चले जाओ। अनुपमा लेकिन वहां से जाती नहीं है और कहती है कि वह हिस्सा लेगी और अपने लेफ्ट हाथ से खाना बनाएगी। वह पहले भी लेफ्ट हाथ से खाना बना चुकी है। अनुपमा कहती है कि औरतों को मुश्किलें बहुत मिलती हैं, लेकिन मौके बहुत कम। मुझे इतना बड़ा मौका मिला है। पूरी दुनिया के सामने अपना हुनर दिखाने का। मैं जानती हूं ये आसान नहीं होगा। कई लोग मुझे हराना चाहेंगे, इस कॉम्पटीश ने से बाहर करना चाहेंगे, लेकिन मैं हारने वाली नहीं हूं क्योंकि अगर मैं हार गई तो ये हार सिर्फ मेरी नहीं होगी। हर उस औरत की होगी जो रसोई से कभी बाहर ही नहीं निकल पाई।



# माधुरी दीक्षित का थ्रोबैक वीडियो हुआ वायरल



**मुंबई।** माधुरी दीक्षित और उनके पति डॉ. नेने की शादी को कई साल हो चुके हैं और उनके दो प्यारे बच्चे अरिन नेने और रयान नेने हैं। माधुरी दीक्षित-श्रीराम नेने को कई बार साथ में इवेंट और बी टाउन की पार्टी में स्पॉट किया जा चुका हैं और इसमें कोई शक नहीं की दोनों बहुत ही प्यारे कपल हैं। बॉलीवुड की 'धक धक गर्ल' का एक थ्रोबैक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अपने पति नेने संग एक पॉपुलर इंग्लिश गाना गाते नजर आ रही हैं। लोगों को ये वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। वीडियो में माधुरी दीक्षित सजी-धजी सूट पहने हुए बहुत सुंदर लग रही हैं। वहीं कुछ ही देर में एक्ट्रेस के पति नेने भी अपनी पत्नी के साथ ये गाना गाते दिखाई देते हैं। कपल हमेशा की तरह स्टाइलिश लुक में नजर आ रहे थे।

# दिशा पटानी ने साझा कीं 'कल्कि 2898 एडी' की शूटिंग की तस्वीरें





**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर दर्शकों के बीच काफी दिनों से उत्सुकता बनी हुई है। फिल्म के छोटे-से-छोटे अपडेट पर प्रशंसक अपनी नजर बनाए हुए हैं। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास का दमदार किरदार देखने को मिलेगा। हाल ही में अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रभास के साथ कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जो इस फिल्म से जुड़ी हैं। फिल्म की अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें दर्शकों के साथ साझा की हैं। दरअसल, साल 2024 की शुरुआत में एक खबर आई थी कि प्रभास और दिशा पाटनी फिल्म के एक गाने की शूटिंग के लिए इटली गए थे। दिशा ने जो तस्वीरें साझा की हैं, वह उसी गाने की शूटिंग की है। तस्वीरों में दिशा अपने सह कलाकार प्रभास के साथ खड़ी दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में वे मेकअप कलाकारों से मेकअप कराती दिख रही हैं।

# टीवी की इन मशहूर अभिनेत्रियों ने अब तक नहीं की शादी

मुंबई। छोटे पर्दे की अभिनेत्रियों लोकप्रियता के मामले में फिल्मों की हीरोइनों से पीछे नहीं है। टीवी बहुत सी एक्ट्रेस ने अपनी अदाकारी के दम पर घर-घर में खास पहचान बनाई है। संस्कारी बहुओं का रोल निभाकर शोहरत की बुलंदियों तक पहुंचने वाली इन अभिनेत्रियों में से कई ऐसी भी हैं जो असल जीवन में अविवाहित हैं।



## हिना खान

धारावाहिक ये रिश्ता क्या कहलाता है से हिना खान ने घर-घर में खास पहचान बनाई। इस सीरियल में वे संस्कारी बहू के रूप में नजर आई थीं। हालांकि, असल जीवन में उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। हिना काफी समय से रॉकी जायसवाल के साथ रिलेशनशिप में हैं।

## शिल्पा शिंदे

इस लिस्ट में पहला नाम भाभीजी घर पर हैं फेम अभिनेत्री शिल्पा शिंदे का है। वे छोटे पर्दे की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। 40 के पार जा चुकी शिल्पा अब तक अविवाहित हैं। अभिनेत्री की सगाई रोमित राज से हुई थी, लेकिन बाद में दोनों ने अपनी राहें जुदा कर लीं।





## साक्षी तंवर

टीवी सीरियल बड़े अच्छे लगते हैं में अपनी अदाकारी से लोगों का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस साक्षी तंवर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। वे अब तक कई धारावाहिकों, फिल्मों और वेब सीरीज में काम कर चुकी हैं। उन्होंने एक बेटी को गोद लिया है और सिंगल पेरेंट के तौर पर उसका पालन-पोषण कर रही हैं।

## नेहा मेहता

नेहा मेहता को तारक मेहता का उलटा चश्मा की वजह से खूब लोकप्रियता हासिल हुई। इस सीरियल में उन्होंने अंजलि का किरदार निभाया था। उनके रोल को काफी पसंद किया गया था। साल 1973 में जन्मी नेहा ने अब तक शादी नहीं की है।





# दर्शकों पर जादू चलाने को तैयार आलिया

**मुंबई।** आलिया भट्ट बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय के दम पर अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। अभिनेत्री अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। इस बार आलिया निर्देशिका गुरिंदर चड्ढा की आने वाली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया भट्ट अब एक ऐसे नए अवतार में दिखाई देंगी। जिसे आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। खबरों की मानें तो इंडो-ब्रिटिश फिल्म निर्देशक गुरिंदर चड्ढा की फिल्म में प्रिंसेस के रोल के लिए आलिया भट्ट का नाम फाइनल कर लिया गया है। इस फिल्म की शूटिंग 2025 जून में शुरू हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस फिल्म में अभी तक सिर्फ आलिया भट्ट का नाम ही शामिल हुआ है। बाकी स्टारकास्ट को फिल्म की कहानी के पूरा होने के बाद ही तय किया जाएगा। हालांकि अपनी इस फिल्म के लिए शुरू से ही गुरिंदर की पहली पसंद आलिया ही थीं।

## खबर संक्षेप



### 19 दिन के नवजात को मिला आश्रय

**कुड़ेकेला।** 19 दिन के नन्हा बच्चा को मिला सहारा घटना छाल थाना अंतर्गत ग्राम कटाईपाली सी का है जहाँ एक बच्चा जो महज 19 दिन का है, बच्चे का जन्म लेते ही माँ का देहांत हो गया और तब से बच्चे का जीवन यापन करने में गरीब परिवार पूरी तरह से असमर्थ है जिसे ग्राम में आज स्वास्थ्य मितानिन श्रीमती सावित्री यादव एवं सुकवारा साहू की सहायता से पैरालीगल वालिटियर श्रीमती मौशमी शर्मा के प्रयास से बाल कल्याण समिति रायगढ़ को सूचना कर उनको सौपा गया जिसमे छाल थाना के स्टॉप का भी सहयोग रहा जिसमे कल्याण समिति के संचालक सिद्धात शंकर, कुमारी मीना जायसवाल तथा किरण मिंज के द्वारा ग्राम मे उपस्थित होकर बच्चे को अपने आश्रय लेने के लिए ग्राम के सरपंच, सचिव एवम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### ग्रामीण ने मवेशी तस्करी में संलिप्त वाहन को पकड़ाया, तस्कर फरार



**धरमजयगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ग्रामीण ने मवेशियों की तस्करी में संलिप्त एक पिकअप वाहन को पकड़वाया। वाहन से पुलिस को करीब एक दर्जन मवेशी भी मिले जिन्हें बूचड़ खाने ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी वहीं मवेशी तस्कर मौका पाकर फरार हो गया है। धरमजयगढ़ के एक स्थानीय युवक मवेशी तस्करी में लिप्त पिकअप वाहन को खुद धरमजयगढ़ थाने लेकर आया और पुलिस में इस घटना की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है। इस संबंध में प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि कोदवारीपारा थाना धरमजयगढ का रहनेवाला हूं 03 अप्रैल को अपनें वाहन में सक्ती शादी कार्यक्रम में अपनें साथियों के साथ में गया था। रात को वापस धरमजयगढ आते समय ग्राम आमापाली के रेल्वे पुल कें पास सुबह करीबन 05 बजे सामने में एक पिकप वाहन क्रमांक जे एच 07 इ 6589 जा रहा था, जो साईड नही दे रहा था। जिसे बार बार पास मांगने व हार्न बजानें पर वह गाडी का साईड में लगा दिए। जिसे हम साईड नही देनें का करण पूछनें के लिए उतरे तो देखे कि बोलेरो पिकप वाहन में मवेशी भरे हुए थे। ड्राइवर से किसका है पूछनें पर इस्लाम मिरदाहा निवासी साई टांगरटोली, थाना लोदाम जिला जशपुर का होना बताते हुए मवेशी की तस्करी करना बताया। पिकअप में मवेशी की संख्या देखने के लिए पीछे देखने पर जाने पर पिकप का ड्रायवर मौका देखकर वहा से भाग गयाए जिसे दौडानें पर हाथ नही आया।

### पार्किंग का काम अब भी अधूरा स्टेशन में लग रहा जाम

**रायगढ़।** रेलवे स्टेशन के बाहर पार्किंग का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। विवाद की घटना के बाद एक माह के अंदर पार्किंग तैयार करने का आश्वासन मिला था। अब चार माह में भी काम पूरा नहीं कराया जा सका है। सभी जगह थोड़ा थोड़ा काम कर छोड़ दिया गया है। स्टेशन के मुख्य गेट पर ऑटो लगाए जा रहे हैं। चार पहिया और बाइक भी बेतरतीब खड़ी हो रही है। यात्रियों को आने जाने में परेशानी हो रही है। केंद्र सरकार ने अमृत भारत योजना के तहत 16 करोड़ की लागत से रायगढ़ रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करने की घोषणा की है। योजना के तहत सुव्यवस्थित पार्किंग एरिया, मिनी गार्डन, स्टेशन के ठीक बीच ओवर ब्रिज बनाया जाना प्रस्तावित है। बाहर में गार्डन बनाने का काम जारी है। साइड में गेट और बगल में पार्किंग एरिया बन रहा है। काम के दौरान बाइक, कार, ऑटो लगाने की जगह को तोड़ दिया गया है। विवाद होने पर काम को रोकना पड़ा था।

### पीएम आवास के डिफाल्टरों को एसडीएम ने जारी किया नोटिस

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया है शासन ने आवास निर्माण के हितग्राहियों राशि आवंटित कर दिया गया है परंतु कुछ हितग्राहियों के द्वारा राशि पाने के बाद भी आवास बनाने के काम में तेजी नहीं लाने वाले के डिफाल्टर हितग्राही को एसडीएम घरघोड़ा के कार्यालय से नोटिस जारी किया गया है।

## निधन

### प्रेम देवांगन



**रायगढ़।** बिजली मिस्त्री के रूप में प्रसिद्ध प्रेम देवांगन का मेट्रो हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान निधन हो गया। वे गुरूजी घासीराम देवांगन के छोटे भाई थे। ज्ञात हो कि कोष्टा पारा पैलेस रोड सरस्वती प्रतिमा के पास निवासरत 48 वर्षीय प्रेम देवांगन लकवा ग्रसित थे और बीते कुछ दिनों से उनका मेट्रो हॉस्पिटल में ईलाज चल रहा था। उनकी अंतिम यात्रा आज अपरान्ह 3 बजे निवास स्थल से निकाली गई और चांदमारी स्थित मुक्तिधाम में उनका दाह संस्कार किया गया।

### एसईसीआर ने की सर्वाधिक 136 किमी आटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग

# 407 किमी तक ऑटो सिग्नल का काम पूरा, मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों के बेहतर, सुविधाजनक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के साथ साथ क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक एवं उन्नत तकनीक को अपनाया जा रहा है। ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने इस वर्ष भारतीय रेलवे में सर्वाधिक 136.25 किलोमीटर के ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम की कमीशनिंग किया है। इस प्रकार अब तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का कुल 460 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम से लैस हो गया है।

ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक दूसरे के पीछे चलती रहती है। अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाती है एवं जो ट्रेन जहां पर रहेंगी वो वहीं पर रुक जाएंगी। यह अधिक ट्रेनों को चलाने में सहायक होता है और प्रमुख जंक्शन स्टेशनों पर ट्रैफिक को नियंत्रित करता है। जहाँ पहले दो स्टेशनों के बीच केवल एक ट्रेन चल सकती थीए वहाँ अब ऑटो सिग्नेलिंग के माध्यम से 4, 5 या 6 ट्रेनों को प्रत्येक सेक्शन में चलाया जा सकता है जो दो स्टेशनों के बीच की दूरी पर निर्भर करता है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिल्हा से जयरामनगर 30 किमी कलमना से दुर्ग 259 किमी, बिलासपुर से घुटकू 16 किमी, चांपा से उरगा 28 किमी रेल लाइन में ऑटो सिग्नलिग सिस्टम का कार्य पिछले वित्तीय वर्षो में पूर्ण किया गया था। विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 136.25 किलोमीटर ऑटो सिग्नलिग सिस्टम का कार्य पूर्ण किया गया है, जिसमें जयराम नगर अकलतरा 34 किमी उरगा गेवरा रोड 16.25 किमी, दुर्ग कुम्हारी 54 किमी, धनोली गुदमा 18 किमी, सालवा कामठी 11 किमी तथा बिलासपुर कार्ड केबिन उसलापुर 03 किमी रेल लाइन शामिल है। इस प्रकार वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का 460 किलोमीटर सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम से लैस है। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है। इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है। वहींए कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है। स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है यानि कि एक ब्लॉक सेक्शन में एक के पीछे दूसरी ट्रेन आसानी से चलती है। इसके साथ ही ट्रेनों के लोकेशन की जानकारी मिलती रहती है।

#### सिग्नलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

संरक्षित ट्रेन संचालन में सिग्नलिंग सिस्टम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रेलवे में उपयोग में आने वाले उपकरणों का उन्नयन और प्रतिस्थापन एक सतत प्रक्रिया है, जिसेआवश्यकताओं के अनुरूप संसाधनों की उपलब्धता एवं परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। समय समय पर ट्रेन संचालन में संरक्षा को और बेहतर बनाने तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी के उद्देश्य से सिग्नलिंग सिस्टम का आधुनिकीकरण किया जाता है, इसी कड़ी में ट्रेनों की गति तेज करने और सुरक्षित सफर के लिए सिग्नल सिस्टम को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ रही है।



## 7 मॉडिफाई साइलेंसर समेत 93 वाहन चालकों का काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यातायात पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शुक्रवार की रात को 7 मोडिफाई साइलेंसर सहित 93 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया।

सीएसपी आकाश शुक्ला एवं ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चन्द्रा के नेतृत्व में शहर के जूटमिल तथा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चेक पाइंट पर यातायात पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें दुपहियाएचार पहियाए वाहनों की जांच की गई। यातायात पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोगों को मॉडिफाइ साइलेंसर से ध्वनि प्रदूषण होने तथा हेलमेट नहीं लगाने के दुष्परिणामों की जानकारी देकर इसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन बताया। चेकिंग दौरान युवाओं को तेज गति में वाहन नहीं चलाने की समझाइश भी दी गई। चेकिंग दौरान ट्रैफिक पुलिस ने 7 मॉडिफाइ सालेंसर, 40 ट्रिपलिंग बाइक पर दो से ज्यादा व्यक्ति, 9 बिना कागजातए 8 नो एण्ट्री में वाहन प्रवेश 3 बिना सीट ब्लेट, 2 माल वाहक पर यात्री परिवहन, 24 अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करते मिले। अभियान में कल 'कुल 93 वाहन चालकों से 75,800 का समन शुल्क यातायात पुलिस ने काटा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने और आवश्यक दस्तावेज रखने प्रेरित किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी रमेश चंद्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर सड़क दुर्घटनाओं में अंकुश लगाने पुलिस यातायात नियमों का पालन करने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है और साथ ही नियमित रूप से मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध परिवहन व उत्खनन में लगे 8 वाहनों को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर

अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 8 वाहनों को उड़नदस्ता दल की टीम ने जब्त करने की कार्रवाई की है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी पी डी जाडे एवं टीम द्वारा शुक्रवार 5 अप्रैल को पामगढ, शिवरीनारायण, देवरघट्टा एवं बिर्रा क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन, भण्डारण, उत्खनन करने वाले वाहनो व स्थानो का औचक जाँच किया गया। खनिज अधिकारी हेमंत चेरपा ने बताया कि जांच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज खनिज रेत के 6 'प्रकरण, मिट्टी (ईट) के 1 प्रकरण, तथा मुरूम के 1 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 8 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।1

## कमला नेहरू उद्यान में स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** शनिवार की सुबह कमला नेहरू गार्डन में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान गार्डन में उपस्थित सभी मॉर्निंग वॉकर्स ने 7 मई को मतदान जरूर करने जाने की बात कही।

जिला प्रशासन के निर्देशन और निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में लगातार सिस्टोमेटिक वोटर एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कमला नेहरू गार्डन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान लाउडस्पीकर के माध्यम से लोकतंत्र का पर्व राईगरिहा का गर्व,



वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, मतदान जरूर करने संबंधित विभिन्न नारे लगाए गए। डिप्टी कमिश्नर फ्री सूथिक्षण यादव ने बताया कि 7 मई 2024 को लोकसभा का मतदान होना है। इसी के तहत नगर निगम क्षेत्र में लगातार स्वीप मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम कर मतदाताओं को मतदान जरूर करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आज कमला नेहरू पार्क में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गार्डन में उपस्थित सभी मॉर्निंग वॉकर्स को मतदान जरूर करने, अपने परिवार सगे संबंधियों और अपने घर के आस.पास के लोगों को भी 7 मई को मतदान करने जागरूक करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी मॉर्निंग वॉकर्स ने लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अंतर्गत निर्भीक होकर किसी भी धर्मए जाति, वर्ग, समुदाय के प्रलोभन में ना आकर मतदान जरूर करने संबंधित शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर विकास रंजन सिन्हा, कार्यपालन अभियंता अमरेश कुमार लोहिया सहित कमला नेहरू पार्क के मॉर्निंग वॉकर्स संगठन के पदाधिकारी, सदस्यगण निगम के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी में लोग संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भाजपा सम्मेलन आज, शामिल होंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के स्कूली बेंड से उनका स्वागत होगा।

- सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के बैंड से होगा उनका स्वागत

सेंट जेवियर्स स्कूल के प्राचार्य सुनील खलखो ने बताया कि हमारे स्कूल के छात्र मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए लगातार प्रेक्टिस कर रहे है। सेंट जेवियर्स स्कूल के म्यूजिकल बेंड को आकाश वर्मा, मुकेश प्रजापति, सुनीता खलखो, और अनीसा तिर्की के द्वारा प्रेक्टिस कराया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश भाजपा से प्राप्त निर्देशानुसार जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा पत्थलगांव विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में छ.ग. के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश से नियुक्त अतिथि, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष के साथ-साथ पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय एवं रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया भी उपस्थित रहेंगे। 7 अप्रैल 2024 रविवार प्रातः 10.00 बजे से जशपुर रोड क्वीन पार्क मैरिज गार्डन में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन होना है। छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका प्रथम पत्थलगांव आगमन है, इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में लगे हैं। सम्मेलन में 3500, लोगों के जुटने की संभावना है।



सम्मेलन की तैयारी, बनाए जा रहे पंडाल।

## रानीगढ़ छुइहा में फूड पाइजनिंग से ग्रस्त मरीज हुए स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

बिलाईगढ़ ब्लाक के वनांचल क्षेत्र के ग्राम रानीगढ़ छुइहा में दशगात्र कार्यक्रम के दौरान भोज में सम्मिलित व्यक्तियों को विषाक्त भोजन मिल जाने से फूड पाइजनिंग से बीमार हो गए थे। जिसे कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. अवधेश पाणिग्राही ने बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाकर मरीजों का हाल चाल जाना जिसमें से कई स्वस्थ होकर अपने घर चले गए।

- लगाया गया स्वास्थ्य विभाग का कैम्प



श्री पाणिग्राही ने बीएमओ पुष्पेन्द्र वैष्णव से मरीजों के द्वारा दिए जा रहे उपचार के संबंध में जानकारी ली और सतत उपचार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की आवश्यकता और इलाज के बारे में अवगत कराने के लिए कहा। स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से रानीगढ़ छुइहा में स्वास्थ्य विभाग का कैम्प लगाया गया, जिसमें मरीज मिलने की स्थिति में उसका तात्कालिक इलाज किया जा सके।

## राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी कर रही गौ वंश की सुरक्षा

**जशपुरनगर।** एक दुर्घटना में लगभग तीन चार महीने के गौवंशीय बछिया का एक पैर टूट गया था। बछिया अपने पैरो पर खड़े होकर होकर चलाने में असमर्थ हो गई थी। इस बात की जानकारी जैसे ही गौ रक्षा वाहिनी जशपुर के सदस्यों को मिली आनन फानन में उसे उठाकर पशु चिकित्सालय लाया गया।पशु चिकित्सालय में चिकित्सकों पूरी जांच कर पैर टूटने की बात कही एवम टूटे हुए पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया और दावा दे उसका उपचार किया गया। अभी बछिया को सुरक्षित स्थान पर रख उसकी सम्पूर्ण देखभाल के साथ साथ पल पल की निगरानी रखी जा रही है। भारत हिंदू बहुलता वाला राष्ट्र है जहां गायों को मां का दर्जा दिया गया है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य और दायित्व दोनो है।



## सीएमएचओ ने किया मनोरा सीएचसी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विपिन इंदवार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वस्थ अमले की उपस्थिति की जानकारी ली। ड्यूटी रोस्टर के अनुरूप लगे सभी स्टाफ उपस्थित मिले। उन्होंने सभी कर्मचारी को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने वार्ड भ्रमण कर भर्ती मरीजों का अवलोकन किया उन्होंने बीमारी एवं तबीयत की जानकारी ली और डॉक्टर के सलाह अनुसार मरीज के देखभाल एवं स्वस्थ स्वस्थ उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने दवाई को उपलब्धता की जानकारी ली एव समय पर डायरिया आदि के दवाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था नियमित रखने के निर्देश दिए।

### मतदान का प्रतिशत बढ़ाने शिविर का आयोजन कर चलाया जा रहा अभियान

# कलेक्टर की पहल पर दिलाई गई सामूहिक मतदाता शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन के नेतृत्व में राजस्व मामलों में त्वरित निराकरण के लिए बी.1 वाचन थीम पर 5 अप्रैल 2024 को शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से जिले के 83 गांवों में बी.1 वाचन का ग्रामीणों के मध्य पटवारी एवं राजस्व अमलों के माध्यम से सफलतापूर्वक किया गया। इसमें भूमि स्वामी के मृत्यु उपरांत उनके राजस्व रिकार्ड में नाम हटाने के लिए फौती 350 से अधिक प्रकरण प्राप्त किए। इसी प्रकार राजस्व कार्य संबंधी के अन्य आवेदन 500 से अधिक प्राप्त हुए। इस अभियान के दौरान 1400 नागरिकों ने मतदाता जागरूकता का सामूहिक शपथ लिया। इस अभियान से जिले के भूमि स्वामियों को उनके कई प्रकार के समस्या का समाधान और राजस्व मामलों में राजस्व प्रशासन का अमला उनके घर पहुंच सेवा प्रदान किया है।



भुइया कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के द्वारा इसे डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया गया है, लेकिन अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी नहीं होने के कारण इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैए जिसके लिए कलेक्टर श्री साहू के निर्देश पर किए गए अभियान चलाकर इस शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य था कि जिले के नागरिकों को उनकी राजस्व भूमि के संबंध में जानकारी मिले। उनका नाम उनके भूमि रिकार्ड में है कि नहीं। इसका पता सावर्जनिक रूप से चौपाल के माध्यम से उनके गांवए मोहल्ला आदि में मिले। राजस्व अमला द्वारा एक दिवसीय शिविर के माध्यम से भूमि के खसरा नंबर, भूमि स्वामी का नामए भूमि स्वामियों के संबंधियों का नाम आदि को पढ़कर उनको जानकारी दी गई और साथ ही किसी प्रकार का दावा आपत्ति को निराकरण के लिए स्वीकार किया गया। वर्तमान में बी.1 खसरा भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन ऑनलाइन छत्तीसगढ़ राजस्व विभाग ने बी.1 खसरा ऑनलाइन चेक एवं डाउनलोड करने की सुविधा दिया है। बी.1 खसरा ऑनलाइन अपने मोबाइल या कंप्यूटर में भुईंया डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन वेबसाइट से निकाल सकते हैं। डिजिटल हस्ताक्षरित खतौनी बी1 डाउनलोड कर सकते हैं। खतौनी यानि बी.1 महत्वपूर्ण दस्तावेज है। इसे अधिकतर सरकारी कार्यों में उपयोग में लाया जाता है। राजस्व संबंधी या अन्य किसी मामले में यह बी.1 दस्तावेज किसान या भूमि स्वामी का ऑनलाइन रिकार्ड हैए जिसे साक्ष्य के तौर पर प्रस्तुत किया जा सकता है। इस आयोजन के दौरान तहसीलदारए राजस्व निरीक्षकए पटवारीए राजस्व सहयोगीए कोटवार के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर बीएलओए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए मितानिन उपस्थित थे। जिला प्रशासन के सभी दलों के द्वारा मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

## एसडीएम ने ली मास्टर ट्रेनर्स की बैठक

**.जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण को लेकर जशपुर एवं मनोरा के मास्टर ट्रेनर्स की बैठक एसडीएम प्रशांत कुशवाहा ने ली। बैठक में उन्होंने मतदान दिवस के दिन प्रयोग होने वाले सभी सामग्रियों की जानकारी ली तथा मास्टर ट्रेनर्स को मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं को समझने एवं शंकाओं के समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा सौंपे गए दायित्त्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। एसडीएम ने विभिन्न प्रपत्रों को भरने, वितरण वापसी, निविदित मतपत्र भरने, समय पर रिपोर्ट करने, मॉक पोल,ईवीएम वीवीपीएटी आदि पर विस्तृत दिशा निर्देश सहायक निर्वाचन अधिकारी ने दिये।

6-APR- RAG-Bhoomi pg 4_Layout 1 4/6/2024 8:58 PM Page 1



## सड़क पर सामान निकाल करते हैं व्यापार, दुर्घटनाओं को दे रहे न्यौता

# मेडिकल कॉलेज के मेन गेट पर बढ़ रहा अतिक्रमण, सड़क हुई सकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मेडिकल कॉलेज के बाहर सड़क के दोनों को लगातार ठेले गुमटियों के माध्यम से अवैध कब्जा बढ़ता रहा है। इन ठेले गुमटियों के कारण यह मार्ग अब संकरा हो चुका है, जिसकी वजह से यहां हर वक्त दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है।

यहां स्थिति यह है कि सड़क से महज एक से दो फीट की दूरी पर ही दुकान लगे हैं। सड़क किनारे अवैध रूप से कब्जा करते हुए इन दुकानों को लगाया गया है। मेडिकल कॉलेज के आसपास भोजन व नाश्ते आदि की सुविधा नहीं होने के कारण यहां आने वाले मरीज के परिजनों की भीड़ नजर आ जाती है। गौरतलब है कि मेडिकल कालेज अस्पताल शुरू होने के बाद यहां लोगों का आवागमन बढ़ा है। वहीं अतिक्रमण किए हुए दुकानों की संख्या भी बढ़ी है। किंतु इस अतिक्रमण के कारण मेडिकल कॉलेज के करीब 100 मीटर का एरिया काफी संकरा हो गया है, जिसकी वजह से यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसकी मुख्य वजह यह है कि यहां लगाए गए दुकान सड़कों के काफी किनारे हैं।



**शाम को होता है अंधेरा:** शाम होते ही इस मार्ग में अंधेरा छा जाता है। क्योंकि शहर से जुडे होने के बाद भी मेडिकल कालेज रोड में लाइट की बेहतर व्यवस्था नहीं है। जिसकी वजह से यह असामाजिक तत्वों का अड्डा भी बना हुआ है। ऐसे में नाईट शिफ्ट करने वाली महिला कर्मचारियों की समस्या बढ़ जा रही है। मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने ही निगम की खस्ताहाल दुकाने हैं, जिनमें जो इन असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इसकी कई बार शिकायत भी दर्ज कराई गई है, लेकिन जब पुलिस की पेट्रोलिंग टीम आती है तो सड़क से हट जाते हैं और उनके जाते ही फिर सड़क किनारे महफिल जम जाती हैं।

### अतिक्रमण पर नहीं होती कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि एकताल रोड पर स्थित मेडिकल कालेज अस्पताल विगत दो साल से संचालित हो रहा है। वहीं एमसीएच भी संचालित है। दोनों अस्पताल में हर दिन करीब 400.500 लोग पहुंचते हैं। इसमें कुछ मरीजों की भर्ती होती है तो कुछ ओपीडी जांच कराकर लौट जाते हैं। ऐसे में यहां हो रही चहल पहल को देखते हुए इस मार्ग पर लगातार फुटपाथ व्यवसायी सड़क किनारे अवैध कब्जा जमा कर व्यवसाय कर रहे हैं। विगत छह माह से इस मार्ग के किनारे अवैध कब्जा काफी बढ़ गया है। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि अभी तक सड़क को छोड़कर दुकान लगाते थे, लेकिन अब फुटपाथ व्यवसासियों ने अपने सामान को सड़क तक फैलाना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर इस बात की जानकारी होने के बाद भी इस अतिक्रमण पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

## खबर संक्षेप

### सीजीटीईटी व नर्सिंग सहित पांच अन्य प्रवेश परीक्षा की अंतिम तिथि आज

**सारंगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर ने छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा सीजीटीईटी और जून जुलाई 2024 से शुरू होने वाले कई प्रकार के कोर्स में एडमिशन हेतु आवेदन आमंत्रित किया है, जिसमें प्रीएमसीए, पीईटी, पीपीएचटी, पीपीटी आदि के प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अप्रैल है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट व्यापमं डॉट सीजीस्टेट डॉट जीओव्ही डॉट इन है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट और पर प्राप्त की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश, एमएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2024 है और पीएटी, पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा के आवेदन के लिए अंतिम तिथि 14 अप्रैल 2024 है।

### दो को सांप ने काटा, उपचार जारी

**रायगढ।** बीती रात एक ग्रामीण सोया हुआ था, जिसे सर्प ने डंस लियाए वहीं एक युवक को काम करने के दौरान सर्प काटने से दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि पहली घटना में पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदेली निवासी चंद्रशेखर महंत पिता करमदास महंत 54 वर्ष खेती किसानी का काम करता है। ऐसे में बुधवार की रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में जाकर पलंग पर सो गया। इस दौरान रात करीब दो बजे उसे सर्प ने डंस लिया। जिससे दर्द होने पर उसने लाइट जलाकर देखा तो पलंग से करैत सर्प उतर रहा था। जिससे उसके शोर मचाने पर अन्य परिजन आए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां समय से उपचार मिलने के कारण अब उसकी तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना में उत्तर प्रदेश के फिरोजपुर निवासी अनिल यादव पिता रामचंद्र यादव 22 वर्ष विगत कुछ दिनों से रायगढ़ के रामपुर में स्थित पेपर प्लांट में रहते हुए काम करता है। ऐसे में विगत दो अप्रैल को सुबह करीब 9 बजे पेपर को कटिंग करने के लिए हटा रहा था तो वहीं पर पहले से एक नाग सर्प बैठा था, जो उसके पैर में डंस लिया। ऐसे में उसके शोर मचाने पर सर्प वहां से भाग निकला, साथ ही उसके साथियों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचेए जहां उपचार के दौरान उसकी तबीयत में सुधार होना बताया जा रहा है।

### मीडिया अनुप्रमाणन समिति का प्रशिक्षण आयोजित



**सारंगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देश अनुसार आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के लिए जिले में गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं अनुवीक्षण समिति एमसीएमसी के दलों को कलेक्टोरेट में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी एमसीएमसी देवराम यादव के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक, प्रिन्ट, रेडियो और सोशल मीडिया टीम को पैड न्यूज, फेक न्यूज, अभ्यर्थियों द्वारा मीडिया सर्टिफिकेशन एवं अनुप्रमाणन के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान एमसीएमसी टीम कार्य किए ममता साहू, पूनम महिलाने, संजीता मिंज, अंजूलता कुजूर और देवानंद सोनी, शिवशंकर साहू पुनः लोकसभा एमसीएमसी टीम में कार्य कर रहे हैं।

### कांदागढ़ में शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम



**पुसौर।** एनटीपीसी लारा प्रभावित क्षेत्र ग्राम कांदागढ में ग्रामीण सहयोग से उक्त ग्राम के नील सागर तालाब के किनारे एक शिव मंदिर का निर्माण किया गया। जिसके प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में क्षेत्र के जनपद सदस्य गौरांग साव एवं सरपंच फकीर प्रधान के जानकारी के मुताबिक मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा से जुडे कार्यक्रम कुंभाभिशेक, रत्नमुद, कुंभ भराई, शुभ कलश यात्रा, कृष्ण गुरू भजन, देव स्थापना, अधिवास, गंधादिवास, मिष्ठानाधिवास, वस्त्राधिवास, संध्या आरती, कृष्ण गुरू गाहाक बाहाक, पूजा अर्चना हवन, रथयात्रा, प्राण प्रतिष्ठा, कलश ध्वजा रोहण, मंदिर प्रवेश पुर्णाहुति, सहस्त्र धारा आदि कार्यक्रम लगातार 5 अप्रेल तक चला है जहां अंतिम में अन्न प्रसाद वितरण के साथ संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। इसी कड़ी में इन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने बडे उत्साह के साथ उक्त कार्यक्रम में जहां शामिल हुए वहीं आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर भी इन्होंने अपनी पूर्ण सहभागिता निभाई। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी के एच आर विभाग द्वारा उक्त मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### नपं सरिया में होर्डिंग के माध्यम से किया जा रहा मतदाता जागरूकता

**सारंगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव का पर्व देश का गर्व मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जनसामान्य तक अन्य माध्यम से पहुंचने के लिए नगर पंचायत सरिया में होर्डिंग के माध्यम से मतदाताओं को आकर्षित किया गया। चन्द्रपुर रोड पर स्थित होर्डिंग में नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नारा के माध्यम से प्रेरित किया गया है। इन होर्डिंगों में छत्तीसगढ़ी में लिखा गया है हमर मतदान, लाही लोकतंत्र में जान इसी प्रकार एक अन्य में हिन्दी में लिखा गया हम युवा भविष्य हैं देश के हम मतदान अवश्य करेंगे।



## कनकबीरा, गोबरसिंघा, सुखापाली में जागरुकता मतदाता कार्यक्रम

**सारंगढ़।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर मतदाता जागरूकता स्वीप नोडल अधिकारी एवं परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सियान दिव्यांग मतदाता जागरूकता चलाया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं सीईओ जनपद पंचायत बरमकेला प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में बरमकेला जनपद के ग्राम पंचायत गोबरसिंघा और सुखापाली में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनो के लिए स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। समाज कल्याण विभाग अधिकारी विनय तिवारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल के नेतृत्व में सारंगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत कनकबीरा में सियान और दिव्यांग मतदाता के लिए स्वीप मानव श्रृंखला बना कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान किया गया। उपस्थित मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जा रहे सुविधाओं जैसे दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओ के लिए विशेष रुप से मतदान केंद्र में रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, छाया, शौचालय आदि के बारे में जानकारी दिया गया।

## तुमीडीह में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का रसपान कर रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

किसी भी समाज में संस्कृति सभ्यता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए विभिन्न परंपराओं को आत्मसात करने की परंपरा रही है जिसके लिए विविध धार्मिक अनुष्ठान, रामायण, भागवत, भजन कीर्तन हवन पूजन आदि कराए जाते रहे हैं।

मां बंजारी धाम केलो बनांचल औद्योगिक क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम तुमीडीह में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 30 मार्च से 7 अप्रेल तक स्व. प्रदीप कुमार भोय के स्मृति में माँ बंजारी देवी कृपा पात्र पं. किशोर पाणिग्राही महाराज ज्योतिषाचार्य गोल्ड मेडलिस्ट व्यासपीठ में विराजमान होकर कथा का रसपान करा रहे हैं, सैकड़ो श्रद्धालु भक्तजनो ज्ञान, कर्म, भक्ति की पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगा रहे हैं। वही भजन सम्राट पं संजय शर्मा द्वारा हिंदी ओड़ियाा धार्मिक भजनो की प्रस्तुति से सैकड़ो बाल गोपाल नर नारी नाचते गाते गदगद हो रहे हैं। कलश यात्रा में सैकड़ो माता बहनो ने शामिल हुए पं. किशोर महाराज भागवत कथा महात्मय, महाभारत कथा, परिक्षीत जन्म कथा, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीराम कथा श्री कृष्ण जन्म, बाल लीला, माखन चोरी, गोवर्धन पुजा, 5 अप्रेल को



मथुरा मंगल, रुकमणी विवाह गोपी प्रेम प्रसंग को सुनाए। उन्होंने कहाकि विवाहित महिलाएं अपने पति के लिए श्रृंगार करें अपने पतिदेव को सुंदरता दिखावें माथे सिंदूर हाथ मे चूड़ी हो, पतिदेव देश प्रदेश गए हो तो उनका तस्वीर रखकर पूजन करें। 7 अप्रेल रविवार को तुलसी वर्षा पूर्णाहुति एवं भंडारा में आयोजक कस्तुरी .द्वारिका भोय परिवार समस्त ग्रामवासी तुमीडीह द्वारा शामिल होकर पुण्य की भागीदार बनने आग्रह किया गया है। शुक्रवार को कथा में भागवत कथा वाचक पं टीकम प्रसाद महाराज माँ बंजारी मन्दिर के सदस्य घनश्याम मालाकार, पंचराम मालाकार, तरुणीसेन मालाकार, पितरु मालाकार, श्याम मालाकार, दुलेन्द्र पटेल मुन्ना, बिहारी बलेचा, उमेश मालाकार सहित अन्य भक्तजनो ने व्यासपीठ में माथा टेककर भागवत आचार्य से आशीर्वाद लिया।

### गर्मियों में ठंडा व विषाक्त भोजन करने से बचे : सीएमएचओ

**सारंगढ़।** जिले में पिछले दिनों हुए दशगात्र कार्यक्रम में परोसे गए विषाक्त भोज के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही ने भीषण गर्मी एवं गर्मी से भोज्य पदार्थों पर पड़ने वाली प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अपील जारी करते हुए कहा कि बहुत देर तक पके हुए जो कि ठंडा या विषाक्त हो चुका है। ऐसे नाश्ता या भोजन को नहीं खाएं। पके हुए भोज्य पदार्थ बहुत ही जल्दी खराब होकर नमीदार हो जाती है, जो जीवाणुओं के पनपने हेतु अनुकूल वातावरण निर्मित करते हैं। ऐसे भोजन के सेवन से आहार विषाक्तता एवं आमाशयिक आंत्र शोध गैस्ट्रोएंटायटिस होने की प्रबल संभावना रहती है। आहार विषाक्तता एवं आमाशयिक अंतर शोध होने से लोगों में तीव्र उल्टी एवं दस्त के लक्षण प्रकट होती है, जिससे शरीर में तेजी से शारीरिक इलेक्ट्रोलाइट व माइक्रोन्यूट्रीएंट की कमी हो जाती है। इस बीमारी से कई बार लोगों को हॉस्पिटलाइज भी करना पड़ता है। यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के मल पर मक्खियों के बैठने पश्चात भोज्य पदार्थ एवं जल स्त्रोतों के संक्रमित होने से समुदाय में संक्रमण तेजी से फैलता है।

## प्रदूषण जांच के नाम पर कर रहे उगाही, राहगीरों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

प्रदूषण जांच के नाम पर चार पहिया वाहनों से लेकर दो पहिया छोटे वाहनों को भी सुनी सड़कों में आवागमन बाधित करने का काम करने वाले पता नहीं असली हैं या नकली, जिला पर्यावरण संरक्षण मण्डल अथवा जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत हैं कि नहीं, स्टीकर बेच कर वाहन चालकों से पैसा वसूल कर रहे हैं इस संबंध में पिछले कई वर्षो से छोटे बडे सडकों में इन्हें देखा गया।

एक गैर सरकारी वाहन सवार में कुछ लोग ऐसे ही पुसौर तहसील के विभिन्न पहुंच मार्ग एवं मुख्य मार्ग में इन दिनों पुनः देखा गया। लिहाजा लोगों में संशय की स्थिति बनी हुई है। गौरतलब है कि आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस विभाग द्वारा किसी भी तरह के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने कार्रवाई कर रही है वहीं जब भी पुलिस विभाग इस तरह की जांच की कार्रवाई करती है चौक चौराहे और बेरियर में ही करती है जबकि ये प्रदूषण के नाम पर कथित संदिग्ध कार्रवाई विरान सडकों पर करते हुए देखी गई है। इसमें प्रदूषण जांच की कार्रवाई में संलिप्त गुर्गे सीधे बाईक के हैंडिल को पकड़ने की कोशिश करते हैं और कभी कभी सीधे खडे हो जाते हैं मानों ये राहजनी कर रहे हो ऐसे स्थिति में लोग डर कर इन्हें ये जो राशि मांग करते हैं दे देते हैं।



उल्लेखनीय है कि घर परिवार के साथ आते जाते राहगीर प्रदूषण जांच के नाम पर हो चिकचिक से बचने इन्हें मुहमांगी रकम देकर अपनी मंजिल की बढना बेहतर समझते हैं लिहाजा इस अवैध अथवा संदिग्ध कार्रवाई से निजात दिलाना स्थानीय प्रशासन की जबाबदारी है। ज्ञात हो कि इस संबंध में प्रशासन के पास कोई सूचना अथवा जानकारी नहीं है बेखोफ चल रहे अवैध वसूली के इस प्रदूषण जांच के बारे में स्थानीय प्रशासन को कोई जानकारी नहीं है। इस संबध में परिवहन अधिकारी आर के वर्मन से पुछे जाने पर उन्होंने भी ऐसे किसी प्रदूषण जांच के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। ऐसे में अभिव्यक्त संदेह की पुष्टि स्वयं हो जाती है।

## अवैध खनन में संलिप्त पांच वाहन जब्त, खनिज विभाग ने की कार्रवाई



**सारंगढ़।** रायगढ़ माइनिंग विभाग की फिर एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जहां खनिज इंस्पेक्टर द्वारा अवैध रूप से हो रहे खनन पर कार्यवाही किया गया है। अवैध रूप से संचालित हो रहे पांच गाडियों पर कार्रवाई की गई है और साथ ही साथ रायगढ़ सहदेवपाली क्षेत्र में हो रहा अवैध उत्खनन को भी माइनिंग विभाग ने जब्त किया है। खनिज विभाग द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 14 एमएफ 3521 जो अवैध रूप से कोयला का परिवहन कर रहा था, सीजी 13 एएच 6024, सीजी 14 एमपी 8284, सीजी 12 डी यू 8568, सीजी 13, एल 5032, सीजी 13, जी 1790 और एक सोल्ड जेसीबी मशीन, सीजी 13, आर 7657, सीजी 11, जे 7955, सीजी 13 एल 9693 जो रायगढ़ सहदेवपाली क्षेत्र में जैसे ही खनिज अधिकारी का निर्देश खनिज इंस्पेक्टर को मिला तो उन्होंने रायगढ़ से रायगढ़ सहदेवपाली के लिए निकल पड़े। वहाँ जाकर देखा तो अवैध रूप से एक सोल्ड जेसीबी मशीन अवैध मुरुम खनन कार्य में चल रहा था और उसमें तीन हाईवा भी चल रहे थे। इस संबंध में खनिज अधिकारी द्वारा ठेकेदार को कागजात की मांग किया गया तो कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए।



## कार में परिवहन हो रहे रेडीमेड कपड़े जब्त

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रभावी आचार संहिता का पालन करने सभी थाना क्षेत्र में उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी दल सक्रिय होकर विभिन्न मार्गो में वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को भूपदेवपुर क्षेत्र में सक्रिय उड़नदस्ता दल द्वारा सुबह ग्राम नहरपाली मोनेट कंपनी के पास वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान ओमनी वाहन सीजी 13 यूबी 6764 में काफी संख्या में साड़ी, जींस, रेडीमेड कपड़े वगैरह परिवहन होते पाया गया। वाहन चालक यदुनाथ साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 44 साल निवासी लोढाझर थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ को परिवहन सामान के संबंध में बिल पेश करने कहा गया जिसके पास परिवहन संपत्ति का बिल नहीं था। अनावेदक यदुनाथ नाथ साहू द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन करना पाए जाने पर थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर अनावेदक से करीब 1,50 हजार रुपए संपत्ति, साड़ी, रेडीमेड कपड़े की जब्ती की गई है।

## ग्रामीण पडिगांव में चलित थाने का आयोजन, ग्रामीणों को किया जागरुक



**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा समय समय पर थानाक्षेत्र के गांवों में चलित थाना, पुलिस जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कल 04 अप्रैल को थाना प्रभारी के नेतृत्व में तमनार पुलिस टीम द्वारा ग्राम पडिगांव में चलित थाना लगाया गया। निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर ने रहवासियों से क्षेत्र की समस्याएं की जानकारी लेकर गांव के झगडेलू एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों की जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने आपस में मिल जुलकर रहने और झगड़ा विवाद से दूर रहने की ग्रामीणों को समझाइश दिया गया तथा ग्रामीणों को नशा मुक्ति के लिये प्रेरित किये। चलित थाना में उपस्थित महिलाओं को थाना प्रभारी द्वारा ऑनलाइन फ्राड से सचेत करते हुए बताए कि लोग अंजान कॉल से सबसे अधिक ठगे जा रहे हैं। अज्ञात व्यक्तियों के कॉल पर निजी जानकारी विशेष कर बैंक के डिटेल की जानकारी बिल्कुल ना दें। अंजान कॉल से आए लुभावन स्कीम या डराने धमकाने बातों पर विश्वास ना करें, पुलिस को सूचना दें। जागरूक रहकर फ्राड से बचा जा सकता है।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय सेजेस पोर्टल में एडमिशन प्रक्रिया 10 से

**रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेशानुसार प्रदेश के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2024-25 में छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश की प्रक्रिया सेजेस पोर्टल में 10 अप्रैल से प्रारंभ कर दी जाएगी। जिसके तहत प्रवेश हेतु आवेदन तिथि 10 अप्रैल से 5 मई 2024 निर्धारित है। इसी तरह अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन की कार्यवाही 5 से 10 मई तक तथा एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 से 15 मई 2024 तक की जाएगी। छात्र.छात्राएं वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में सत्र 2023-24 में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तथा 348 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय संचालित है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। जिसमें एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेंगे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं को कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाएगा। महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
वाहन है पर ड्राइवर नहीं है?
अपना ड्राइवर आज ही बुक करे
डेली या परमानेंट बेसिस पर
7837411411
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411